# परीक्षा सत्र्–2023–24

## कक्षा–दशम्

**समय–3:00 घण्टे** **विषय–सामाजिक विज्ञान** **पूर्णांक–75 अंक**

---

नोट– 1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2) इस प्रश्न पत्र में कुल 18 प्रश्न है।

निर्देशः–प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड है, खण्ड (अ), खण्ड (ब), खण्ड (स) प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न 1. खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए– [1×5=5]

(क) किस प्रकार की भूमि पर उद्योग लगाना ठीक है ?

(अ) कृषि भूमि (ब) बंजर भूमि

(स) उपवन भूमि (द) वन भूमि।

(ख) जैविक संसाधन है –

(अ) भूमि (ब) जल

(स) पशु (द) वायु।

(ग) सरकार द्वारा बिजली की सुविधा प्रदान की जाती है–

(अ) पैसे कमाने के लिए (ब) सरकारी कार्यालय के लिए

(स) सार्वजनिक हित के लिए (द) इनमें से कोई नहीं।

(घ) राष्ट्र संद्य की स्थापना हुई थी –

(अ) सन् 1918 (ब) सन् 1919

(स) सन् 1920 (द) सन् 1921।

(ड) मुद्रा के स्वरूप है–

(अ) सोना–चॉदी (ब) पशु

(स) मकान (द) भूमि।

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 1. खण्ड (ब) उचित संबध जोडिए–

| | | |
|---|---|---|
| (क) रवरीफ ऋतु का आगमन | – | बंजर भूमि |
| (ख) बाजार की विशेषताएँ | – | मानसून का आगमन |
| (ग) कारखाना निर्माण | – | इण्डोनेशिया |
| (घ) हिटलर | – | आय–व्यय का विवरण |
| (ड) द्वीपो का देश | – | नाजी पार्टी |

प्रश्न 1. खण्ड (स) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – [1×5=5]

(क) सबसे अधिक कुपोषित होने की सम्भावना .......वर्ग में होती है।

(ख) भारत में व्यस्क मताधिकार की आयु ........... वर्ग निर्धारित की गई है।

(ग) रंगीन प्रिटिंग प्रेस का प्रारंभ सन् ............ के बाद हुआ ।

(घ) राष्ट्रीय आवास नीति की घोषणा सन् ........... में की गई थी ।

(ड) इन्डोनेशिया के राष्ट्रवादी और प्रथम राष्ट्रपति .............. थे।

**निर्देशः–** प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। (अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न 2. विकास को मापने के प्रमुख संकेतक कौन–कौन से है ?

प्रश्न 3. वर्तमान और पुरानी परती भूमि में क्या अंतर है?

प्रश्न 4. "साख" से आप क्या समझते है, यह कितने प्रकार के होते है?

प्रश्न 5. प्रथम विश्व युद्ध के दोनों पक्षों के दो–दो प्रमुख देशों के नाम बताइए ।

प्रश्न 6. खाद्य सुरक्षा के प्रमुख आयाम कौन–कौन से है ?

**निर्देशः–** प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। (अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है)

प्रश्न 7. जनगणना से कौन–कौन से ऑकड़े प्राप्त होते है ?

प्रश्न 8. "बफर स्टॉक" क्या है? सरकार को इसकी जरूरत क्यो पड़ती है?

प्रश्न 9. निःशस्त्रीकरण को समझाइए ?

प्रश्न 10. ग्रामीण अधिवास को प्रभावित करने वाले कारको को लिखिए ।

**निर्देशः–** प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। (अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न 11. संसाधनो का प्रबंधन करना क्यो आवश्यक है? इसके उपाय लिखिए।

अथवा

नवनीकरण व अनवनी करण संसाधन को समझाते हुए, कोई तीन उदाहरण दीजिए ।

प्रश्न 12. प्रथम विश्व युद्ध के किन्ही चार कारणों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

भारत के संविधान की उदे्शिका को लिखिए।

प्रश्न 13. पन बिजली व ताप बिजली में कोई चार अंतर बताइए ।

अथवा

हिटलर की विदेश नीति को समझाइए।

प्रश्न 14. बढती जनसंख्या पूरे विश्व के विकास में बाधक है? क्या आप इस बात से सहमत है ? https://www.cgboardonline.com

अथवा

स्वतन्त्र भारत में प्रथम आम चुनाव कब हुआ? इसकी प्रमुख खास बाते कौन–कौन सी थी ।

**निर्देशः–** प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। (अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द है)

प्रश्न 15. उदारीकरण का क्या अर्थ है? भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए ।

https://www.cgboardonline.com

अथवा

नगरीय अधिवासो की उत्पत्ति को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिए।

प्रश्न 16. सभी को ऋण उपलब्ध हो इसके लिए क्या करना चाहिए ?

अथवा

राष्ट्रवाद और अति राष्ट्रवाद में क्या अंतर है

**निर्देशः–** प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है। (अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)

प्रश्न 17. भारतीय संसद के कार्यो एवं शक्तियो का वर्णन कीजिए ।

अथवा

राष्ट्रपति के कार्य एवं शक्तियो को लिखिए ?

प्रश्न 18. मतदाता कौन होते है? मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को लिखिए।

अथवा

मॉस मीडिया से आप क्या समझते है? आधुनिक मॉस मीडिया में विज्ञापन की क्या भूमिका है।

https://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से